गतिविधि शीट-2 : गिद्धों के बारे में पूछो

Azim Premji University

(क) अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी और अपने समुदाय के अन्य बुज़ुर्गों से बात करके यह जानने की कोशिश करो कि वे गिद्धों के बारे में क्या बता सकते हैं। नीचे दी गई तालिका में विवरण लिखें :

ये प्रश्न पूछें	आपके नोट्स
आपके आस-पड़ोस में कितनी तरह के गिद्ध देखे गए हैं? उनके स्थानीय नाम क्या हैं?	
क्या अब भी आपके आस-पड़ोस में किसी भी तरह के गिद्ध दिखाई देते हैं? यदि नहीं, तो ये पक्षी आख़िरी बार कब देखे गए थे?	
उन्हें इन पक्षियों के बारे में क्या याद है? उदाहरण के लिए, उन्होंने गिद्धों को ज़्यादातर कहाँ देखा? गिद्धों को क्या-क्या खाते हुए देखा? क्या उन्होंने कभी गिद्धों का घोंसला देखा है? यदि हाँ, तो कहाँ देखा था?	
वे इन पक्षियों के बारे में क्या सोचते हैं? वे गिद्धों को इन्सानों के लिए कितना महत्त्वपूर्ण मानते हैं? क्या वे गिद्धों से जुड़ा कोई अनुभव या क़िस्सा आपसे साझा कर सकते हैं?	
क्या वे आपको गिद्धों के बारे में और कुछ बता सकते हैं?	

(ख) यदि आपके परिवार या पड़ोस के लोग मवेशी पालते हैं (जैसे गाय, भैंस, भेड़ और बकरी), तो उनसे पता करें कि मवेशियों को कौन-सी दवाइयाँ दी जाती हैं। यदि सम्भव हो, तो अपने इलाक़े के किसी पशु चिकित्सक या पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता से भी पूछें। नीचे तालिका में प्राप्त जानकारी लिखें :

ये प्रश्न पूछें	जो आपने जाना
जब जानवरों को बुखार होता है या दर्द होता है, तब कौन-सी दवाइयाँ दी जाती हैं?	
क्या उन्होंने जानवरों का इलाज करने के लिए कभी डाइक्लोफ़ेनाक (Diclofenac) दवा का उपयोग किया है? अब वे क्या इस्तेमाल करते हैं?	
आपके आस-पड़ोस में मरने वाले जानवरों का निपटान अब कैसे किया जाता है?	
15-20 साल पहले मरे हुए जानवरों का निपटान कैसे किया जाता था?	
क्या मरे हुए जानवरों के निपटान के तरीक़े में बदलाव आया है? यदि हाँ, तो इस बदलाव का कारण क्या है?	

सोचें और चर्चा करें :

- आपने ग़ायब होते गिद्धों के बारे में जाना। आपने बड़ों से गिद्धों के बारे में जानकारी भी ली। इस सबसे अब आपके मन में इन पक्षियों के बारे में क्या छवि बनी? एक चित्र बनाकर दिखाएँ कि गिद्ध क्या खाते हैं, वे क्यों लुप्त हुए और इसका स्थानीय पर्यावरण पर क्या असर पड़ा और इन सबके बीच क्या सम्बन्ध था।
- कुछ लोग गिद्धों को उनके रूप के कारण डरावना मानते हैं। कुछ लोग इन्हें गन्दा मानते हैं क्योंकि ये मरे हुए जानवर खाते हैं। कुछ संस्कृतियों में गिद्ध पवित्र माने जाते हैं। आपके समुदाय में गिद्धों को किस तरह देखा जाता है?
- आपने अपने इलाक़े में बीमार जानवरों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की जानकारी इकट्ठी की। इसे अपने सहपाठियों के साथ साझा करें और आपको दूसरों की बातें सुनकर क्या नया सीखने को मिला, उसे लिखें।
- क्या आपने अपने बड़ों से गिद्धों के बारे में कुछ नया सीखा? या उनसे कुछ सुना जो लेख से अलग था? उसे लिखें और उस पर सहपाठियों व शिक्षक से कक्षा में चर्चा करें।
- क्या आपके मन में इन पक्षियों के बारे में और प्रश्न हैं? उनके उत्तर अपने बड़ों, पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता या पशु चिकित्सक से बात करके ढूँढ़ने की कोशिश करें। अपने शिक्षक की मदद भी ले सकते हैं।

i wonder...
Rediscovering school science

रचनाकार :

राधा गोपालन अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, बेंगलूरु में कार्यरत हैं। वे तेलंगाना के कुडली इंटरजेनेरेशनल लर्निंग सेंटर की सदस्य भी हैं।

अनुवाद : गणेश मादुलकर **पुनरीक्षण :** उमा सुधीर **कॉपी एडिटर :** अनुज उपाध्याय